## कार्यपत्र-13

**1. सही उत्तर पर ठीक (✓) का चिह्न लगाइए।**

(क) क्रिया के जिस रूप से उसके बीते समय में होने का पता चले, वह क्या कहलाता है? (i) भूतकाल ✓

(ख) काल के कितने भेद होते हैं? (ii) तीन ✓

**2. नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

(क) क्रिया का वह रूप जिससे उसके होने या करने का समय ज्ञात हो, क्रिया का काल कहलाता है। जैसे– माँ खाना बनाती है। यह वर्तमाल काल है।

(ख) काल के तीन भेद हैं– 1. वर्तमान काल– मोहन पढ़ता है। 2. भूतकाल– वह सो गया था।
3. भविष्यत् काल– वह बाज़ार जाएगा।

**3. निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त क्रियाओं का काल लिखिए।**

| | |
|---|---|
| (क) मोहन साइकिल चला रहा है। | वर्तमान काल |
| (ख) मैं कल पटना जाऊँगा। | भविष्यत् काल |
| (ग) पिता जी मेरे लिए गेंद लाएँगे। | भविष्यत् काल |
| (घ) हमें प्रतिदिन व्यायाम करना चाहिए। | वर्तमान काल |
| (ङ) कल बहुत गरमी थी। | भूतकाल |

**4. रिक्त स्थानों की पूर्ति कोष्ठक में दिए क्रिया के उचित रूप तथा काल के अनुसार करिए।**

| | |
|---|---|
| (क) माली पौधा **लगाएगा**। | (लग–भविष्यत् काल) |
| (ख) वह कल स्कूल नहीं **गई थी**। | (जा–भूतकाल) |
| (ग) गुजरात में भूकंप **आया था**। | (आ–भूतकाल) |
| (घ) मामा जी दिल्ली **आते हैं**। | (आ-वर्तमान काल) |
| (ङ) हमारा परीक्षा परिणाम कल **आएगा**। | (आ–भविष्यत् काल) |
| (च) चोर चोरी करके वहाँ से **चला गया था**। | (चल–भूतकाल) |

**5. निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशानुसार परिवर्तित कीजिए।**

(क) अंकित कक्षा में शोर मचा रहा था। (वर्तमान काल में)
अंकित कक्षा में शोर मचा रहा है।

(ख) कल हम मसूरी घूमने गए थे। (भविष्यत् काल में)
कल हम मसूरी घूमने जाएँगे।

(ग) स्नेहा ने फूल तोड़े। (वर्तमान काल में)
स्नेहा फूल तोड़ती है।

(घ) मालती की बहन कल आएगी। (भूतकाल में)
मालती की बहन कल आई थी।

(ङ) सचिन पार्क में खेलने जाता है। (भविष्यत् काल में)
सचिन पार्क में खेलने जाएगा।

**6. निम्नलिखित काल के वाक्य बनाइए।**

| | | |
|---|---|---|
| (क) | वर्तमान काल | संगीता खाना बना रही है। |
| (ख) | भूतकाल | वह शाम को आया था। |
| (ग) | भविष्यत् काल | हम पिकनिक पर जाएँगे। |